Hindi - Number 44b
September 2022

# चिकनपॉक्स (वैरिसेला) वैक्सीन

## Chickenpox (Varicella) Vaccine

**अपने बच्चे को सुरक्षित रखें।**
**सभी वैक्सीनें समय पर लगवाएं।**

समय पर सभी वैक्सीनें लगवाने से आपके बच्चे को जीवन भर कई बीमारियों से बचाया जा सकता है।

टीकाकरण ने पिछले 50 वर्षों में कनाडा में किसी भी अन्य स्वास्थ्य उपाय से अधिक जीवन बचाए हैं।

### चिकनपॉक्स वैक्सीन क्या है?

चिकनपॉक्स वैक्सीन वैरिसेला-जोस्टर वायरस, वह वायरस जो चिकनपॉक्स का कारण बनता है, से बचाती है। वैक्सीन में वायरस का कमजोर किया गया रूप होता है। हेल्थ कैनेडा ने वैक्सीन को मंजूरी दी है। नियमित टीकाकरण के हिस्से के रूप में चिकनपॉक्स की  वैक्सीन मुफ्त है। अपॉइंटमेंट लेने के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को कॉल करें।

### चिकनपॉक्स वैक्सीन किसको दी जानी चाहिए?

बच्चों को चिकनपॉक्स वैक्सीन 2 खुराकों की एक श्रृंखला के रूप में लगती है। पहली खुराक 12 महीने की उम्र में और दूसरी खुराक 4 से 6 साल की उम्र में दी जाती है। जिन बच्चों को खसरा, गलसुआ या रूबेला से भी सुरक्षा की आवश्यकता होती है, उन्हें वैक्सीन की 2री खुराक संयुक्त खसरा, गलसुआ, रूबेला और वैरिसेला (MMRV) वैक्सीन के रूप में दी जा सकती है। MMRV वैक्सीन के बारे में और जानकारी के लिए, HealthLinkBC File #14e खसरा, गलसुआ, रूबेला और वैरिसेला (MMRV) वैक्सीनदेखें। वैक्सीन बचपन के अन्य टीकाकरणों के साथ ही दी जाती है।

| चिकनपॉक्स वैक्सीन | टीकाकरण पर बच्चे की उम्र |
|---|---|
| 1ली खुराक | 12 महीने |
| 2री खुराक | 4 से 6 साल |

ग्रेड 6 में जिन छात्रों को वैक्सीन की 2 खुराकें नहीं मिली हैं, उन्हें भी वैक्सीन लगवानी चाहिए। ग्रेड 6 के छात्र जिन्हें कम उम्र में वैक्सीन की 2 खुराकें मिली हैं, उन्हें और खुराक की आवश्यकता नहीं है। ग्रेड 6 के छात्र जिन्हें कभी वैक्सीन नहीं लगी है, उन्हें कम से कम 3 महीने के अंतराल में 2 खुराकें मिलनी चाहिए। वैक्सीन 13 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए 2 खुराक की श्रृंखला के रूप में भी उपलब्ध है, जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है। उन्हें पहली खुराक के 6 सप्ताह बाद दूसरी खुराक दी जाती है।

जिन लोगों को अपने पहले जन्मदिन से पहले चिकनपॉक्स हुआ था, उन्हें अभी भी वैक्सीन लगवानी चाहिए। हो सकता है कि उन्होंने लंबे समय तक चलने वाली प्रतिरक्षा विकसित न की हो और उन्हें फिर से चिकनपॉक्स हो सकता है। जिन लोगों को 1 वर्ष या उससे अधिक उम्र में चिकनपॉक्स या शिंगल्ज़ की बीमारी थी, उन्हें वैक्सीन लगवाने की आवश्यकता नहीं है यदि:

- उन्हें 2004 से पहले यह बीमारी थी या
- प्रयोगशाला परीक्षण द्वारा रोग की पुष्टि की गई थी

प्राप्त किए गए सभी टीकाकरणों का रिकॉर्ड रखना महत्वपूर्ण है।

### चिकनपॉक्स वैक्सीन के क्या लाभ हैं?

चिकनपॉक्स वैक्सीन चिकनपॉक्स और इसकी जटिलताओं से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है। जब आप अपने बच्चे का टीकाकरण करवाते हैं, तो आप दूसरों की भी रक्षा करने में मदद करते हैं।

हालांकि दुर्लभ है, कुछ लोगों को टीकाकरण के बाद भी चिकनपॉक्स हो सकता है। यदि उन्हें प्रतिरक्षित नहीं किया गया होता तो यह बीमारी बहुत हल्की होती।

### वैक्सीन के बाद की संभावित प्रतिक्रियाएं क्या हैं?

वैक्सीनें बहुत सुरक्षित हैं। वैक्सीन प्राप्त करना चिकनपॉक्स से ग्रस्त होने से कहीं अधिक सुरक्षित है।

वैक्सीन के लिए सामान्य प्रतिक्रियाओं में वैक्सीन लगाए जाने वाले स्थान पर पीड़ा, लाली, और सूजन शामिल हो सकती हैं। हल्का बुखार और रैश, जो चिकनपॉक्स जैसा दिखता है, लेकिन कम धब्बों के साथ, वैक्सीन लगाने के लगभग 2 सप्ताह बाद हो सकता है।

बहुत दुर्लभ तौर पर, एक व्यक्ति जो टीकाकरण के बाद रैश विकसित करता है, वह चिकनपॉक्स की वैक्सीन से वायरस फैला सकता है। इसे दूसरों तक फैलने से रोकने के लिए, फफोले को तब तक ढकें जब तक कि छाले सूख न जाएं और पपड़ी न बन जाए।

बुखार या पीड़ा के लिए एसिटामिनोफेन (उदाहरणार्थ टायलेनॉल®) या इबुप्रोफेन (उदाहरणार्थ एडविल®) दी जा सकती है। रे सिंड्रोम के जोखिम के कारण ASA (उदाहरणार्थ एस्पिरिन®) 18 वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को नहीं दी जानी चाहिए।

रे सिंड्रोम के बारे में जानकारी के लिए, HealthLinkBC File #84 रे सिंड्रोम देखें।

किसी भी वैक्सीन को प्राप्त करने के बाद 15 मिनट तक क्लिनिक में रहना महत्वपूर्ण है क्योंकि एनाफिलेक्सिस नामक एक जीवन को खतरे में डालने वाली एलर्जिक प्रतिक्रिया की अत्यंत दुर्लभ, एक मिलियन में 1 से कम, संभावना हो सकती है। इसमें पित्ती (hives), सांस लेने में कठिनाई या गले, जीभ या होंठ में सूजन शामिल हो सकती हैं। यदि यह प्रतिक्रिया होती है, तो आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता इसका इलाज करने के लिए तैयार है। आपातकालीन उपचार में एपिनेफ्रीन (एड्रेनालाईन) दिए जाना और एम्बुलेंस द्वारा निकटतम आपातकालीन विभाग में स्थानांतरण शामिल है। यदि लक्षण आपके क्लिनिक से जाने के बाद विकसित होते हैं, तो **9-1-1** या अपने स्थानीय आपातकालीन नंबर को कॉल करें।

गंभीर या अप्रत्याशित प्रतिक्रियाओं के बारे में हमेशा अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताना महत्वपूर्ण है।

## चिकनपॉक्स वैक्सीन किसको नहीं दी जानी चाहिए?

स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें यदि आपको या आपके बच्चे को:

- चिकनपॉक्स वैक्सीन की पिछली खुराक, या नियोमाइसिन या जिलेटिन सहित वैक्सीन के किसी भी हिस्से के प्रति जानलेवा प्रतिक्रिया हुई है
- आपकी या आपके बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली रोग या मैडीकल इलाज के कारण कमज़ोर है
- आपको या आपके बच्चे ने पिछले 12 महीनों के भीतर रक्त चढ़ाया गया था या अन्य रक्त उत्पाद प्राप्त किए थे
- को सक्रिय अनुपचारित तपेदिक है
- आप गर्भवती हैं या गर्भवती होने की योजना बना रही हैं चिकनपॉक्स की वैक्सीन लगवाने के बाद महिलाओं को 1 महीने तक गर्भवती होने से बचना चाहिए

जुकाम या अन्य हल्की बीमारी के कारण टीकाकरण में देरी करने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, अगर आपको चिंताएं है, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।

## चिकनपॉक्स क्या है?

चिकनपॉक्स, वैरीसेला-जोस्टर वायरस के कारण होने वाला संक्रमण है। संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने पर वायरस आसानी से हवा में फैल जाते हैं। जब इस हवा में सांस लेते हैं या वायरस से दूषित सतहों को छूते हैं तो आप संक्रमित हो सकते हैं। भोजन, पेय या सिगरेट या चुंबन साझा करते समय संक्रमित व्यक्ति की लार के संपर्क में आने से भी वायरस फैल सकता है। यह चिकनपॉक्स या शिंगल्ज के छालों से तरल पदार्थ के संपर्क में आने से भी फैलता है।

चिकनपॉक्स वाले बच्चों में औसतन 350 लाल, खुजली वाले छाले हो सकते हैं। नवजात शिशुओं, किशोरों, वयस्कों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में संक्रमण अधिक गंभीर होता है।

चिकनपॉक्स से होने वाली जटिलताओं में निमोनिया (फेफड़ों का संक्रमण), एन्सेफलाइटिस (मस्तिष्क की सूजन) और त्वचा के जीवाणु संक्रमण शामिल हैं। एन्सेफलाइटिस से दौरे, बहरापन या मस्तिष्क क्षति हो सकती है। 3,000 में से लगभग 1 वयस्क संक्रमण से मर जाएगा।

शायद ही कभी, गर्भावस्था की शुरुआत में संक्रमण के कारण बच्चे में जन्म दोष हो सकता है। इसे जन्मजात वैरीसेला सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है। शिशुओं के जन्म के समय कम वजन, निशान और उनके अंगों, आंखों की और मस्तिष्क की समस्याएं हो सकती हैं। चिकनपॉक्स गर्भपात या मृत जन्म का कारण भी बन सकता है।

कुछ लोगों के लिए, वायरस जीवन में बाद में फिर से सक्रिय हो सकता है और एक दर्दनाक रैश का कारण बन सकता है जिसे शिंगल्ज कहा जाता है। चिकनपॉक्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए, HealthLinkBC File #44a चिकनपॉक्स के बारे में तथ्य देखें। शिंगल्ज़ के बारे में अधिक जानकारी के लिए, HealthLinkBC #111 फ़ाइल शिंगल्ज़ वैक्सीन देखें।

## परिपक्व नाबालिग सहमति

यह अनुशंसा की जाती है कि माता-पिता या अभिभावक और उनके बच्चे टीकाकरण के लिए सहमति पर चर्चा करें। 19 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, जो प्रत्येक वैक्सीन के लाभों और संभावित प्रतिक्रियाओं और टीकाकरण करवाने के जोखिम को समझने में सक्षम हैं, कानूनी रूप से टीकाकरण के लिए सहमति दे सकते हैं या मना कर सकते हैं। परिपक्व नाबालिग सहमति के बारे में अधिक जानकारी के लिए HealthLinkBC File#119 द इन्फेन्टस ऐक्ट, परिपक्व नाबालिग सहमति और टीकाकरण देखें।

टीकाकरण के बारे में अधिक जानकारी के लिए, https://immunizebc.caपर इम्यूनाइज़बीसी पर जाएं।